# जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में दिनांक 30.10.2025 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक – 2124 / JJM- / 277 दिनांक 13-11-2025

भारत सरकार/राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के पैकेज–01, पैकेज–02 तथा 106 राजस्व ग्रामों में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक 30.10.2025 को कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. प्रतिनिधि, जिला विकास अधिकारी (सदस्य)।
4. प्रतिनिधि, प्रभागीय वनाधिकारी, स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित (सदस्य)।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
6. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
7. जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
8. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
9. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
10. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
12. इं0 विवेक कौशिक, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
13. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
14. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
15. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
16. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
17. श्री विवेक कुमार, प्रतिनिधि, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम(फेज–4) के अन्तर्गत जनपद के 09 विकास खण्ड के अधीन 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मों नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड पैकेज–1 के अनुबन्ध सं0–15/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 09.10.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 08.04.2025 है। इसी प्रकार मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड पैकेज–2 के अनुबन्ध सं0–02/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 14.07.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 13.01.2025 है, जोकि समाप्त हो चुकी है। उक्त दोनों पैकेजों की वर्तमान प्रगति निम्नानुसार है :–

(1.) पैकेज–01 :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

Scanned with OKEN Scanner

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER & CONNECTING CHANNEL | 100% | 90% | 10% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 100% | 90% | 10% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 100% | 40% | 60% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 100% | 28% | 72% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 100% | 60% | 40% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 100% | 27% | 73% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 100% | 59% | 41% |
| 8 | CHEMICAL HOUSE | 100% | 35% | 65% |
| 9 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 100% | 72% | 28% |
| 10 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 100% | 77% | 23% |
| 11 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING (99 km/157 km) | 100% | 63% | 37% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **58%** | **42%** |

वर्तमान में शत्प्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 58 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षा से अत्यधिक कम है। इस सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति को पत्रांक 1188/सतही पेयजल योजना पैकेज–2/206 दिनांक 28.06.2025 प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय के पत्रांक 1710/W-22/2025-26/Tech-12 दिनांक 13.08.2025 द्वारा फर्म एन0सी0सी0 लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया था। तदोपरान्त भी कार्य प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

(2.) <u>पैकेज–02</u> :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 2 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 70% | 30% |
| 3 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 62% | 38% |
| 4 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 80% | 20% |
| 5 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |
| 6 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 7 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 78% | 22% |
| 8 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 11 | Clear Water Rising Main (380 Km./1329.76 Km.) | 100% | 28% | 72% |
| 12 | Over Head Tank (229 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 35% | 65% |
| 13 | Distribution Network (3272 Km./5424.70 Km.) | 100% | 60% | 40% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **58%** | **42%** |

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त तालिकानुसार वर्तमान में शत्प्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 58 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षित नहीं है। इस सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति को पत्रांक 625/सतही पेयजल योजना पैकेज–2/81 दिनांक 11.04.2025 प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय के पत्रांक 545/W-26/Phase-4/2025-26 दिनांक 21.05.2025 द्वारा फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया था। तदोपरान्त भी कार्य प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा सड़क पुर्नस्थापना का कार्य ससमय पूर्ण नहीं किया जा रहा है वर्तमान में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत्प्रतिशत के सापेक्ष 60 प्रतिशत ही पूर्ण है, जिस कारण जिला मुख्यालय एवं आई0जी0आर0एस0 पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है, जो कि उचित नहीं है। जिससे प्रतीत होता है कि फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा कार्यों को पूर्ण कराने में लापरवाही वरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क पुर्नस्थापना के कार्यों की धीमी प्रगति पर अत्यन्त नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत सचिव एवं जूनियर इंजीनियर से पृथक–पृथक सड़क मरम्मत का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा अभी तक 39 नग अवर जलाशय को प्रारम्भ नहीं किया गया है जिसे दिनांक 15 नबम्बर, 2025 तक प्रत्येक दशा में प्रारम्भ करायें।

साथ ही निर्देश दिये गये कि अवशेष सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य क्षेत्रों में मशीनरी व मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायें।

फर्म मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा फिरोजाबाद जनपद की समस्त तहसीलों के विभिन्न राजकीय विभागों के स्वामित्व वाली भूमि के अतिरिक्त कृषकों की भूमि से होकर पाइप लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है जिनको फसल प्रतिकर हेतु दर निर्धारण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। परन्तु फर्म द्वारा वर्तमान तक सम्बन्धित तहसील से उपलब्ध कराये गये राजस्व ग्रामों के मानचित्र पर कृषकों के खेत से बिछायी जाने वाली पाइप लाइन का संरेखण नहीं किया गया है, जिससे अग्रिम कार्यवाही बाधित है। उक्त पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

3. <u>पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन</u> :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व निर्मित 86 नग पाइप पेयजल योजनाओं से संतृप्त 106 नग राजस्व ग्रामों में सुचारू रूप से जलापूर्ति करने हेतु उक्त योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 दारा इंजीनियरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर द्वारा कराया जा रहा है। इनको कार्य प्रारम्भ का दिनांक 01.05.2025 निर्गत है। फर्म द्वारा 86 नग योजनाओं के 10 वर्ष के संचालन एवं रखरखाव हेतु डी0पी0आर0 विरचन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, जिसकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होना शेष है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त पेयजल योजनान्तर्गत संचालन एवं अनुरक्षण हेतु भुगतान सम्बन्धित जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन एवं रखरखाव हेतु फर्म को रू0 3.082 प्रति हाउस होल्ड/दिन के अनुसार भुगतान किया जाना अनुबन्धित है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा रू0 35.00 लाख का बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि

Scanned with OKEN Scanner

संचालित पेयजल योजनाओं पर तैनात ऑपरेटर एवं पेयजल गृह संयोजन का सत्यापन जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से कराने के उपरान्त ही फर्म को भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करायी जाये तथा आगामी बैठक में संचालित पेयजल गृह संयोजनों एवं ऑपरेटरों की सूची योजनावार तैयार कराते हुये प्रस्तुत करें।

साथ ही निर्देशित किया गया कि समस्त 106 नग राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करें, शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाये, पेयजलापूर्ति सारणी अंकन की जाये, शिकायत रजिस्टर का रखरखाव किया जाये तथा ग्रामों में पेयजलापूर्ति संचालन हेतु कार्य योजना तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

4. टी0पी0आई0 :– बैठक में टी0पी0आई0 से योजना के गुणवत्ता नियंत्रण, पेनल्टी एवं तत्सम्बन्धित जानकारी चाही गयी, जिस पर उनके द्वारा विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यों में टी0पी0आई0 को गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

साथ ही निर्देश दिये गये कि जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता निर्धारित मानकानुसार सुनिश्चित कराये, सम्बन्धित फर्म से नियमानुसार NCR का निस्तारण कराये तथा आगामी बैठक में उपरोक्त सूचनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. जिला चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
8. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
12. जिला समन्दयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर।

12/1/24

मुख्य विकास अधिकारी
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner